लोक सभा सचिवालय अपने अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविर का आयोजन करेगा

...

चिंतन शिविर ज्ञान के उन्नयन और नेतृत्व के गुण विकसित करने के लिए एक अनूठी और अग्रणी पहल है

...

नई दिल्ली; 23 अप्रैल, 2023: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के निर्देश पर लोक सभा सचिवालय अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए चिंतन शिविरों की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। पहले दो दिवसीय चिंतन शिविर का आयोजन 24 और 25 अप्रैल 2023 को संसद परिसर में किया जाएगा, जिसमें सचिवालय की विभिन्न सेवाओं के 250 अधिकारी शामिल होंगे।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह 24 अप्रैल, 2023 को पहले चिंतन शिविर का उद्घाटन करेंगे।

चिंतन शिविर के उद्देश्य इस प्रकार हैं:

i. रचनात्मक और नई सोच को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न पदों पर कार्यरत पदाधिकारियों के बीच की दूरियों को कम करना और बंधुत्व / सौहार्द को बढ़ावा देना;

ii. प्रौद्योगिकी का अधिकाधिक उपयोग करना;

iii. लीक से हटकर समाधान सोचना;

iv. शासन में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता लाना;

v. लोक सभा सचिवालय की सेवाओं को ऊर्जावान और पेशेवर बनाना;

vi. सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और एक –दूसरे से सीखना;

vii. ज्ञान का उन्नयन करना और नेतृत्व के गुण विकसित करना;

सार्थक और उद्देश्यपूर्ण चर्चा और विचार-विमर्श को सुविधाजनक बनाने के लिए चिंतन शिविर एक अनूठी और अग्रणी पहल है। इस शिविर का उद्देश्य प्रशासनिक मुद्दों पर गहन चिंतन करने के साथ ही लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों की ऊर्जा को नया आयाम देना और लोगों की आकांक्षाओं से जुड़े रहना है। चिंतन शिविर में, अधिकारी विचार-विमर्श और चर्चा के बाद विभिन्न विषयों को इंगित करेंगे, ताकि लोक सभा सचिवालय के विजन और मिशन को साकार करने के लिए अभिनव और रचनात्मक तरीके सुझाए जा सकें। इस विचार-विमर्श के आधार पर सचिवालय के लिए भावी कार्यनीति और कार्यान्वयन योजना तैयार की जाएगी।